महर्षिसान्दीपनिराष्ट्रियवेदविद्याप्रतिष्ठानम्, उज्जयिनी
यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्

आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद मारकण्डा
स्नेह, सेवा, सदाचार
Estd. 1968

# आर्य -कन्या -महाविद्यालयः
# शाहाबाद (मारकण्डा) कुरुक्षेत्रम्

(कुरुक्षेत्र-विश्वविद्यालय-कुरुक्षेत्र-सम्बद्धः)

इत्यस्य संस्कृत-विभागेन आयोज्यते

## महर्षिसान्दीपनिराष्ट्रियवेदविद्या-प्रतिष्ठानम् उज्जयिनी

**(शिक्षा-मंत्रालयः, भारत-सर्वकारस्य स्वायत्तशासी-संस्था)**

**द्वारा प्रायोजिता**

## त्रिदिवसीया अखिल-भारतीय-वैदिक-संगोष्ठी

विषयः - व्यवस्थितसमाजस्य आधारः वैदिकसंस्कृतिः

**तिथिः - 2 - 4 फरवरी, 2026**





## आर्य-कन्या-महाविद्यालयस्य परिचयः

**आर्य-कन्या-महाविद्यालयः हरियाणाराज्यस्य एकः प्रमुखः बहुविषयकः स्नातकोत्तरस्तरीयः कन्या-महाविद्यालयः अस्ति। अस्य महाविद्यालयस्य स्थापना प्रबन्ध-समितेः यशस्विनां संस्थापकसदस्यानां परोपकारभावनया अभवत्।**
**अस्य महाविद्यालयस्य स्थापनायाः मुख्यम् उद्देश्यम् अस्मिन् क्षेत्रे एवं समीपवर्तिषु हरियाणाराज्यस्य अन्येषां च राज्याणां ग्रामेषु निवसन्तीनां कन्यानां कृते उच्चशिक्षायाः सुलभं प्रवेश-प्रदानम्। एषः महाविद्यालयः दिल्ली–चण्डीगढ–अमृतसर–ग्राण्ड-ट्रंक-मार्गे, पिपली–अम्बालाछावनीत्यनयोः मध्ये स्थितः अस्ति। रेलमार्गेण एवं स्थलमार्गेण च एषः सुगमरीत्या सम्बद्धः अस्ति।**
**प्रारम्भे एषः कलाविषयकः महाविद्यालयः आसीत् परं कालक्रमेण एषः बहुविषयकः स्नातकोत्तरमहाविद्यालयः सञ्जातः।स्त्री-शिक्षायाः क्षेत्रे एषः महाविद्यालयः समाजे महत्त्वपूर्णां सेवां समर्पितवान्। अधुना एषः महाविद्यालयः स्वस्थं शैक्षणिकं वातावरणं प्रयच्छति। प्रतिस्पर्धात्मकशैक्षणिकक्षेत्रे स्वकीयं विशिष्टं स्थानं निर्मितवान्। मानविकी-विज्ञान-वाणिज्य-विषयेषु अतिरिक्तपाठ्यक्रमैः सह एषः महाविद्यालयः व्यवसायोन्मुखान् एवं च व्यावसायिकपाठ्यक्रमान् अपि पाठयति यथा बी.एससी. संगणक-विज्ञानम्, बी.एससी.(भौतिक-विज्ञानम्)**
**बी.एससी. वस्त्र-आलेखनम् (Fashion Designing)**
**बी.कॉम. संगणक-अनुप्रयोगः व्यावसायिक-कला (Commercial Arts) एवमेव एषः महाविद्यालयः ललितकला-हिन्दीवाणिज्यविषयेषु स्नातकोत्तरपाठ्यक्रमान् संचालयति इति गौरवस्य विषयः। महाविद्यालये नवशिक्षानीतिरपि क्रियान्विता अस्ति। अत्र प्रतिबद्धतायाः नवाचारपरम्परायाश्च प्रदर्शनकारणादेव हरियाणा-उच्च-शिक्षा-परिषदा महाविद्यालयाय ' राष्ट्रीय-शिक्षा-नीति-2020- क्रियान्वयन-उत्कृष्टतासम्मानः-2025'**
**।**

## संस्था का परिचय

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकंडा, हरियाणा राज्य का एक प्रतिष्ठित बहुविषयक स्नातकोत्तर स्तरीय कन्या महाविद्यालय है। इस संस्था की स्थापना प्रबंध समिति के दूरदर्शी एवं यशस्वी संस्थापक सदस्यों की परोपकार-प्रेरित शैक्षिक चेतना का प्रतिफल है।
महाविद्यालय की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य इस क्षेत्र तथा हरियाणा राज्य एवं समीपवर्ती अन्य राज्यों के ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में निवास करने वाली बालिकाओं एवं युवतियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्याधारित उच्च शिक्षा प्रदान करना है, जिससे स्त्री-शिक्षा के माध्यम से सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान सुनिश्चित हो सके।
भौगोलिक दृष्टि से यह महाविद्यालय दिल्ली–चंडीगढ़–अमृतसर ग्रैंड ट्रंक मार्ग पर पिपली एवं अंबाला छावनी के मध्य अवस्थित है तथा रेल एवं सड़क मार्ग द्वारा सुगम रूप से संबद्ध है।
प्रारंभ में कला संकाय के रूप में स्थापित यह संस्था कालक्रम में एक समृद्ध बहुविषयक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रूप में विकसित हुई। स्त्री-शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय का योगदान उल्लेखनीय एवं समाजोपयोगी रहा है। वर्तमान में महाविद्यालय अनुशासित, नैतिक एवं अकादमिक रूप से समृद्ध शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है तथा समकालीन प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षिक परिदृश्य में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है।
मानविकी, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के अंतर्गत संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त, महाविद्यालय रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का भी सफल संचालन करता है। इसके अंतर्गत बी.एससी. (कंप्यूटर विज्ञान), बी.एससी.(भौतिक-विज्ञान), बी.एससी. (फैशन डिज़ाइनिंग/वस्त्र आलेखन), बी.कॉम. (कंप्यूटर अनुप्रयोग) तथा व्यावसायिक कला जैसे पाठ्यक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त, ललित कला, हिंदी एवं वाणिज्य विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का संचालन महाविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता का परिचायक है। महाविद्यालय में नई शिक्षा पद्धति **2020** भी क्रियान्वित है। महाविद्यालय को इसमें महत्त्वपूर्ण प्रतिबद्धता एवं नवाचार परंपराओं को प्रदर्शित करने हेतु हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद् द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति **2020** क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान **2025*** प्रदान किया गया है

# महर्षिसान्दीपनिराष्ट्रियवेदविद्या प्रतिष्ठानम् , उज्जयिनी

**राष्ट्रियवेदविद्या-प्रतिष्ठानस्य स्थापना भारतसरकारस्य मानवसंसाधन-विकास-मन्त्रालयेन शिक्षाविभागेन च जनवरी-मासे १९८७ तमे वर्षे सोसायटी-पञ्जीकरण-अधिनियमः १८६० इत्यस्य अन्तर्गतं एकं स्वायत्त-संस्थानरूपेण कृता आसीत्।**

**राष्ट्रियवेदविद्या-प्रतिष्ठानस्य शुभारम्भः १० अगस्त १९८७ तमे दिने तात्कालीन-माननीयमानवसंसाधन-विकास-मन्त्रिणः करकमलाभ्यां दिल्ली-नगरे सम्पन्नः।अस्मिन् शुभावसरे भारतस्य विविधराज्येभ्यः मुख्यमन्त्रिणः वेदपाठिनः प्रसिद्धाः वैदिकविद्वांसः चिन्तकाश्च उपस्थिताः आसन्।**

**राष्ट्रियवेदविद्या-प्रतिष्ठानस्य स्थापनायाः उद्देश्यानि अधोलिखितानि सन्ति—**

**(क) वेदाध्ययनस्य श्रुति-परम्परायाः मौखिक-परम्परायाश्च संरक्षणं सम्वर्धनं विकासश्च।**

**(ख) पाठशालानां मठानां एवं स्वयंसेविसंस्थामाध्यमेन वेदानाम् अध्ययनम् अध्यापनं च।**

**(ग) अनुसन्धान-सौविध्यसर्जनं प्रोत्साहनं च येन वेदेषु निहितस्य ज्ञानस्य विशालं भण्डारं जनसमक्षम् आनयितुम् तत्सम्बन्धं च समसामयिक-ज्ञानेन सह स्थापितुं शक्येत।**

**(घ) सूचना-संकलनं कर्तुं एवम् अनुसन्धान-सम्बद्ध-सामग्रीं समीकर्तुं मूलभूतसौविध्यानां, अनुकूल-परिस्थितीनां च सर्जनम् एवञ्च विविध-साधनानां माध्यमेन तेषां प्रकाशनं प्रचारः प्रसारश्च।**

# महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान,उज्जैन

राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा जनवरी, 1987 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी। राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान का शुभारम्भ 10 अगस्त 1987 को उस समय के माननीय मानव संसाधान विकास मन्त्री जी के करकमलों द्वारा दिल्ली में हुआ। भारत के विविध राज्यों के मूर्धन्य मनीषी, वेदपाठी, विख्यात वैदिक विद्वान् एवं चिन्तक इस अवसर पर उपस्थित थे। राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के स्थापना उद्देश्य निम्नववत् हैं:

(क) वेद अध्ययन की श्रुति परम्परा का, मौखिक परम्परा का संरक्षण, संवर्धन तथा विकास ।

(ख) पाठशालाओं, मठों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से वेदों का अध्ययन एवं अध्यापन।

(ग) अनुसन्धान सुविधाओं का सृजन करना तथा प्रोत्साहन देना, जिससे वेदों में निहित ज्ञान के विपुल भण्डार को जन सम्मुख लाया जा सके और इसका तादात्म्य समसामयिक ज्ञान के साथ स्थापित किया जा सके।

(घ) सूचना संकलित करने तथा अनुसन्धान सम्बन्धित सामग्री को समेकित करने के लिए मूलभूत सुविधाओं तथा अनुकूल परिस्थितियों का सृजन करना तथा विभिन्न साधनों के माध्यम से इनका प्रकाशन तथा प्रचार-प्रसार करना।

## उद्देश्यानि

- **वैदिकसंस्कृतेःसामाजिक-आर्थिक-नैतिक-वैज्ञानिकानां तत्त्वानाम् आधुनिकसन्दर्भेषु पुनर्विश्लेषणं एवं च तेषां प्रासङ्गिकतायाः पुनः स्थापनम्।**
- **अन्तर्वैषयिकस्य अकादमिकविमर्शस्य विकासः कला-वाणिज्य-विज्ञान-संकायानां मध्ये समन्वितस्य सहयोगात्मकस्य च अकादमिकसंवादस्य प्रोत्साहनम्।**
- **शास्त्रीयभारतीयज्ञानपरम्परा-आधुनिकवैज्ञानिकदृष्टीत्यनयोः मध्ये शास्त्र-विज्ञानसमन्वयस्य सुदृढीकरणम् वैचारिक-अनुसन्धानात्मकस्य सेतोः च निर्माणम्।**
- **मूल्याधारितताया नैतिकचेतनायाः संवर्धनेन शिक्षाक्षेत्रे वाणिज्ये विज्ञानक्षेत्रे एवं च सामाजिकजीवने नैतिकमूल्यानाम् उत्तरदायित्वपूर्णस्य आचरणस्य च प्रतिष्ठापनम्।**
- **वैदिकार्थदर्शनस्य एवम् आधुनिकविकाससिद्धान्तानां समन्वयेन सततविकासस्य (Sustainable Development) अकादमिकबोधस्य च विस्तारः।**
- **समाजोपयोगिज्ञानस्य प्रसारः एवं च वैदिकसंस्कृत्याधारितायाः व्यवस्थितसमाजस्य अवधारणायाः राष्ट्रियस्तरीयेषु अकादमिकसंस्थासु व्यापकसमाजे च प्रचारः।**
- **छात्राणां शोधार्थिनां च बौद्धिकक्षमतायाः विकासाय आलोचनात्मकचिन्तनस्य अनुसन्धानकौशलस्य एवं च अन्तर्वैषयिकदृष्टेः विकासाय अवसरप्रदानम्।**
- **राष्ट्रियस्तरे अकादमिकजालस्य (Academic Networking) सुदृढीकरणम्।**

## उद्देश्य

- वैदिक संस्कृति के सामाजिक, आर्थिक, नैतिक एवं वैज्ञानिक तत्त्वों का समकालीन संदर्भों में सम्यक् पुनर्विचार तथा उनकी वर्तमान प्रासंगिकता का सुदृढ़ पुनर्स्थापन।
- कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों के मध्य अन्तर्विषयक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करते हुए समन्वित एवं सहयोगात्मक अकादमिक विमर्श का विकास।
- भारतीय शास्त्रीय ज्ञान-परंपरा एवम् आधुनिक वैज्ञानिक चिन्तन के मध्य शास्त्र–विज्ञान समन्वय को सशक्त कर वैचारिक एवं अनुसन्धानात्मक सेतु का निर्माण।
- शिक्षा, वाणिज्य, विज्ञान तथा सामाजिक जीवन में मूल्याधारित नैतिक चेतना के संवर्धन द्वारा उत्तरदायित्वपूर्ण आचरण की स्थापना।
- वैदिक अर्थदर्शन एवं आधुनिक विकास-सिद्धांतों के समन्वय से सतत विकास **(Sustainable Development)** की अकादमिक अवधारणा का विस्तार।
- वैदिक संस्कृति-आधारित व्यवस्थित समाज की संकल्पना का राष्ट्रीय स्तर की अकादमिक संस्थाओं एवं व्यापक समाज में प्रभावी प्रचार-प्रसार।
- छात्र, शोधार्थी एवं शिक्षकों में आलोचनात्मक चिंतन, अनुसन्धान-कौशल तथा अन्तर्विषयक बौद्धिक क्षमता का विकास ।
- राष्ट्रीय स्तर पर विद्वानों, शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं के मध्य अकादमिक नेटवर्किंग को सुदृढ़ कर सतत शैक्षिक सहयोग को प्रोत्साहन।

## विषयस्य तात्त्विक-परिचयः

**वैदिकसंस्कृतिः भारतीयसभ्यतायाः सुदृढसमाजस्य च आद्यः चिरस्थायी च आधारः अस्ति।एषा संस्कृतिः भारतीय जीवनस्य प्राणस्वरूपा अस्ति।सा केवलं आचार-परम्परारूपेण न अपितु समग्रसामाजिकव्यवस्थायाः दार्शनिक-नैतिक-आध्यात्मिकाधिष्ठानरूपेण प्रवर्तिता वर्तते। पुराकालादद्यपर्यन्तं मानवसमाजस्य कृते संजीवनीव प्रतिभाति। वैदिकवाङ्मये वर्णिताः धर्म–ऋत–सत्य कर्त्तव्यपरायणतादयः संस्कृतेः मूलभूतानि तत्त्वानि समाजस्य सुष्ठु व्यवस्थापनाय मूलाधारत्वेन स्वीकृतानि सन्ति। 'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्' 'सत्यं वद धर्मं चर' 'मनुर्भव' 'वसुधैव कुटुम्बकम्' इत्यादिवैदिकवाक्येषु सामूहिकचेतनायाः सामाजिकसमन्वयस्य परस्परसहयोगस्य च आदर्शाः प्रतिपादिताः सन्ति। एतेषां तत्त्वानां पालनेनैव व्यवस्थितसमाजस्य स्थैर्यं सौहार्दं च सुनिश्चितं भवति।आधुनिके काले सामाजिकविखण्डनं नैतिकमूल्यानां क्षयः भौतिकवादस्य प्राबल्यं परिवारेषु असौहार्दं च दृष्ट्वा वैदिकसंस्कृतेः सार्वकालिक–सार्वदेशिकतत्त्वानाम् अनुपालनस्य आवश्यकता अनुभूयते;अतः वैदिक संस्कृतेः मूलभूततत्त्वानां पुनरन्वेषणम् अथ च विचारमन्थनेन समाजस्य कृते तेषाम् अनिवार्यत्वं परमावश्यकं जातम्। अतः व्यवस्थितसमाजस्य आधारस्वरूपस्य वैदिकसंस्कृतेः मूलभूततत्त्वानां शास्त्रसम्मतं तर्कपूर्णं अन्तर्विषयी च अध्ययनम् अपेक्षितम्। एतदर्थम् अस्यां अखिलभारतीयायां वैदिकसंगोष्ठ्यां संस्कृतदर्शन–इतिहास–समाजशास्त्र–शिक्षाशास्त्र–संगणक-विज्ञान-भाषाविज्ञानादिविषयेषु समन्वयपूर्वकेण वैदिकविचाराणाम् आधुनिकसन्दर्भे प्रासङ्गिकता विवेचयिष्यते। एषा संगोष्ठी विदुषां शोधार्थिनां च विचारविमर्शेन वैदिकसंस्कृतेः समाजोपयोगिनवदृष्टिम् उद्घाटयिष्यतीति दृढः विश्वासः।**

## संगोष्ठी संबंधी जानकारी

वैदिक संस्कृति भारतीय सभ्यता की आद्य, अक्षय एवं चिरस्थायी आधारशिला है। यह संस्कृति भारतीय जीवन-दृष्टि की प्राणस्वरूपा है। यह केवल आचार-परंपराओं तक सीमित नहीं है, अपितु समग्र समाज-व्यवस्था के दार्शनिक, नैतिक एवम् आध्यात्मिक अधिष्ठान के रूप में विकसित हुई है। प्राचीन काल से लेकर आज तक मानव समाज के लिए संजीवनी प्रतीत होती है।

वैदिकवाङ्मय में प्रतिपादित धर्म, ऋत, सत्य तथा कर्त्तव्यपरायणता आदि संस्कृति के मूलभूत तत्त्व समाज की सुव्यवस्थित संरचना के मूलाधार माने गए हैं, जिनके अनुपालन से सामाजिक संतुलन, अनुशासन एवं सामंजस्य की स्थापना होती है।

'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्' , 'सत्यं वद धर्मं चर', 'मनुर्भव', 'वसुधैव कुटुंबकम्' इत्यादि वैदिक वाक्यों में सामूहिक चेतना, सामाजिक समन्वय तथा परस्पर सहयोग के उच्च आदर्शों का सुस्पष्ट प्रतिपादन किया गया है। इन आदर्शों का सम्यक् आचरण ही व्यवस्थित, सौहार्दपूर्ण एवं स्थिर समाज की संरचना को सुनिश्चित करता है।

आधुनिक काल में सामाजिक विखंडन, नैतिक मूल्यों के क्षरण तथा भौतिकवाद की प्रधानता, परिवारों में असौहार्द जैसी चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए वैदिक संस्कृति के सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक तत्त्वों का पुनर्विचार एवं पुनर्मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक हो गया है। अतः व्यवस्थित समाज के आधार के रूप में वैदिक संस्कृति का शास्त्रसम्मत, तर्कसंगत एवं अन्तर्विषयक अध्ययन समय की अनिवार्य आवश्यकता प्रतीत होता है। व्यवस्थित समाज हेतु इसी बौद्धिक पृष्ठभूमि में आयोजित यह अखिल भारतीय वैदिक संगोष्ठी संस्कृत, दर्शन, इतिहास, समाजशास्त्र, संगणक, विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, भाषाविज्ञान आदि विषयों में निहित ज्ञान के समन्वय द्वारा वैदिक विचारधारा की आधुनिक संदर्भों में प्रासंगिकता का सम्यक् विवेचन प्रस्तुत करेगी। यह संगोष्ठी विद्वानों एवं शोधार्थियों को वैदिक संस्कृति की समाजोपयोगिता को नवदृष्टि से अवलोकित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी—ऐसा दृढ़ विश्वास है।

## संभावित-उपविषयाः

- वैदिकसंस्कृतेराधारभूताः सिद्धान्ताः।
- व्यवस्थितसमाजः वैदिकवर्णव्यवस्था च।
- वैदिकाश्रमव्यवस्था व्यवस्थितसमाजः च।
- व्यवस्थितसमाजनिर्माणे सदाचारस्य भूमिका।
- वैदिकार्थिकव्यवस्था समाजश्च।
- समाजनिर्माणे आयुर्वेदस्य भूमिका।
- वैदिकरसायनसिद्धान्तः सामाजिकजीवनं च।
- वैदिकवाङ्मये सामाजिकनैतिकताः।
- वैदिकशिक्षाव्यवस्था सुदृढसमाजश्च।
- शुल्बसूत्रेषु गणितज्ञानं समाजे तस्योपयोगश्च।
- वैदिकसंस्कृतौ द्रव्यगुणविज्ञानम्।
- वैदिकसाहित्ये रसायनदृष्टिः।
- पञ्चमहाभूतानि मानवजीवनं च।
- वैदिकराजकोषव्यवस्था आधुनिकवाणिज्यं च।
- वैदिकसंस्कृतौ रङ्गवैविध्यस्य मनोविज्ञानम्।
- वैदिकवेशभूषा वैदिकसमाजस्यानुशासनम्।
- वैदिकज्योतिर्विज्ञानं मानवसमाजश्च।
- सुदृढसमाजे आध्यात्मिकभावनायाः योगदानम्।
- पारलौकिकीभावना व्यवस्थितसमाजश्च।
- पुरुषार्थचतुष्टयेन समाजव्यवस्था।
- व्यवस्थितसमाजे त्यागस्यावदानम्।
- समाजव्यवस्था मातृपितृगुरुभक्तिश्च।
- प्रकृतिविषयकी वैदिकदृष्टिःमानवसमाजश्च।
- समाजव्यवस्था देवोपासनाश्च
- सौर्य -ऊर्जायाः वैदिकदृष्टिः मानवसमाजश्च।
- वैदिकयज्ञव्यवस्था ऊर्जासंतुलनं च।
- वैदिकज्योतिषमाधुनिकखगोलविज्ञानं च।
- वैदिकसंस्कृतौ वैज्ञानिकचिन्तनस्य परम्परा।
- त्रिगुणसिद्धान्तः (सत्व- रजस्-तमस्) एवं व्यक्तित्व विकासः
- वैदिकजीवनदर्शनेन व्यवस्थितसमाजस्य निर्माणम्।
- वैदिकजीवनशैली मानवस्वास्थ्यं च।
- वैदिकज्ञानपरम्परा समाजनिर्माणं च।
- डिजिटलयुगे वैदिकसंस्कृतेरवदानम्।
- नैनोरसायनविज्ञानं वैदिकसंस्कृतिश्च।
- वैदिकमनोरंजनं सामाजिकसौहार्दं च।
- वैदिकसंस्कृतौ स्त्रीपुरुषयोः मर्यादा समाजव्यवस्था च।
- वैदिकपञ्चगव्यस्य वैज्ञानिकी-उपयोगिता।
- कृत्रिममेधा वैदिकसंस्कृतिश्च।
- सूचनातन्त्रस्य नैतिकता समाजनिर्माणं च।
- व्यवस्थितसमाजस्याधारः आर्थिकशुचिता।
- विश्वबंधुत्वभावना मानवसमाजश्च।
- व्यवस्थितसमाजनिर्माणे मैत्रीभावनायाः योगदानम्।
- वैदिक-आध्यात्मिकदृष्टिः ललितकलाश्च।
- वैदिकसंस्कृतौ कलामाध्यमेन सामाजिक-एकता।
- वैदिकसंस्कृतौ कलायाः दार्शनिकावधारणा।
- सूदृढसमाजनिर्माणे शिक्षायाः भूमिका।
- वैदिकज्ञानपरम्परा व्यवस्थितसमाजश्च।
- वैदिकसांमनस्यसूक्तं सामाजिकव्यवस्था च।
- व्यवस्थितसमाजस्य कृते संस्काराणां महत्त्वम्।
- वैदिकसंस्कृतौ युद्धविद्या एवम् आत्मरक्षाप्रशिक्षणम्
- आधुनिकवाणिज्ये सांस्कृतिकमूल्यानां प्रासंगिकता।
- वैदिकपुरुषार्थचतुष्टयस्य प्रासंगिकता।
- वैदिकसंस्कृतौ अर्थव्यवस्था एवं वाणिज्यव्यवस्था
- ई-गवर्नेंस एवं वैदिकप्रशासनिक -व्यवस्था
- स्वकीयकर्मबोधो व्यवस्थितसमाजस्याधारः।

## संभावित उपविषय

- वैदिक-संस्कृति के आधारभूत सिद्धांत।
- व्यवस्थित-समाज और वैदिक-वर्णव्यवस्था।
- व्यवस्थित-समाज और वैदिकाश्रम व्यवस्था।
- व्यवस्थित-समाज के निर्माण में सदाचार की भूमिका।
- वैदिक-आर्थिकव्यवस्था और समाज।
- समाज-निर्माण में आयुर्वेद की भूमिका।
- वैदिक -रसायनसिद्धांत और सामाजिक जीवन
- वैदिकवाङ्मय में सामाजिक नैतिकताएं।
- वैदिकशिक्षाव्यवस्था और सुदृढ़ समाज।
- शुल्बसूत्रों में गणितज्ञान और समाज में उसका उपयोग।
- वैदिक संस्कृति में द्रव्यगुणविज्ञान।
- वैदिकसाहित्य में रसायनदृष्टि ।
- पंचमहाभूत और मानवजीवन।
- वैदिकराजकोषव्यवस्था एवम् आधुनिकवाणिज्य।
- वैदिकसंस्कृति में रंगों की विविधता का मनोविज्ञान।
- वैदिकसमाज का अनुशासन वैदिक-वेशभूषा।
- वैदिक-ज्योतिर्विज्ञान और मानव-समाज।
- सुदृढ़ समाज में आध्यात्मिक भावना का योगदान।
- पारलौकिकी भावना और व्यवस्थित समाज।
- पुरुषार्चतुष्टय के द्वारा समाज- व्यवस्था।
- व्यवस्थितसमाज में त्याग का योगदान।
- समाज-व्यवस्था और मातृ-पितृ-गुरु-भक्ति।
- प्रकृतिविषयक वैदिकदृष्टि और मानवसमाज।
- समाजव्यवस्था और देव उपासना।
- सौर-ऊर्जा की वैदिकदृष्टि और मानवसमाज।
- वैदिकयज्ञव्यवस्था और ऊर्जा संतुलन।
- वैदिकज्योतिष् और आधुनिक-खगोलविज्ञान।
- वैदिकसंस्कृत में वैज्ञानिकचिंतन की परम्परा।
- त्रिगुणसिद्धान्त (सत्त्व, रजस्, तमस्)एवं व्यक्तित्वविकास।
- वैदिकजीवन-दर्शन के द्वारा व्यवस्थित-समाज का निर्माण।
- वैदिकजीवनशैली और मानवस्वास्थ्य।
- वैदिक-ज्ञानपरम्परा और समाजनिर्माण।
- डिजिटल-युग में वैदिक-संस्कृत का योगदान।
- नैनो रसायन-विज्ञान और वैदिक-संस्कृति।
- वैदिक-मनोरंजन एवं सामाजिक-सौहार्द।
- वैदिकसंस्कृति में स्त्री-पुरुष की मर्यादा एवं समाज- व्यवस्था।
- वैदिकपंचगव्य की वैज्ञानिक उपयोगिता।
- कृत्रिमबुद्धि (AI)और वैदिक-संस्कृति।
- सूचनातंत्र की नैतिकता और समाजनिर्माण।
- व्यवस्थित-समाज का आधार आर्थिकशुचिता।
- विश्वबंधुत्व की भावना और मानव-समाज।
- व्यवस्थितसमाज के निर्माण में मैत्रीभावना का योगदान।
- वैदिक-अध्यात्मदृष्टि और ललितकला।
- वैदिकसंस्कृति में कला के द्वारा सामाजिक एकता।
- वैदिकसंस्कृति में कला की दार्शनिक अवधारणा।
- सुदृढ़समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका।
- वैदिक-ज्ञानपरम्परा और व्यवस्थितसमाज।
- वैदिक-सांमनस्य-सूक्त और सामाजिक व्यवस्था।
- व्यवस्थितसमाज के लिए संस्कारों का महत्त्व।
- वैदिकसंस्कृति में युद्धविद्या एवम् आत्मरक्षाप्रशिक्षण।
- आधुनिक वाणिज्य में सांस्कृतिक मूल्यों की प्रासंगिकता
- वैदिक-पुरुषार्थ-चतुष्टय की प्रासंगिकता
- वैदिकसंस्कृति में अर्थव्यवस्था एवं वाणिज्यव्यवस्था।
- ई-गवर्नेंस एवं वैदिकप्रशासनिक व्यवस्था।
- स्वकीय-कर्मबोध : व्यवस्थित समाज का आधार।

निर्धारितविषयसूच्याः अतिरिक्तम् अपि शोधमानदण्डानुसृत्य अन्योऽपि विषयः शोधपत्रप्रस्तुतेः कृते स्वीकार्यः भविष्यति।

(निर्धारित विषयों के अतिरिक्त भी शोध–मानदण्डों के अनुरूप कोई अन्य विषय भी शोधपत्र–प्रस्तुति हेतु स्वीकार्य होगा।)

## महत्त्वपूर्णाः सूचनाः

- **सर्वेषां विदुषां शोधार्थिनां च सूचनार्थं निवेद्यते यत् कृपया स्वस्य शोधपत्रस्य सारांशं (Abstract) 20** जनवरी,**2026 दिनाङ्क-पर्यन्तं निर्दिष्टे गूगल–प्रपत्रे (Google Form) समर्पयन्तु।**

  सभी विद्वानों एवं शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे कृपया अपने शोधपत्र का सारांश (Abstract) दिनांक 20 जनवरी, 2026 तक निर्दिष्ट गूगल फ़ॉर्म (Google Form) में जमा करें।

  - **सारांशस्य अधिकतम- शब्द-सीमा त्रिशतं शब्दाः।**

    सारांश की अधिकतम शब्द-सीमा 300 शब्द है।
  - **एकस्य शोधपत्रस्य कृते अधिकतमं द्वौ लेखकौ अनुमतौ।**

    एक शोधपत्र हेतु अधिकतम दो लेखकों की अनुमति है।
  - **संगोष्ठी-दिने पूर्ण-शोधपत्रस्य समर्पणम् अनिवार्यम्।**

    संगोष्ठी के दिन पूर्ण शोधपत्र जमा करना अनिवार्य है।
  - **शोधपत्रस्य लेखनं प्रस्तुतीकरणं च संस्कृतेन, हिंदीभाषया अथवा आङ्गलभाषया कर्तुं शक्यते।**

    शोधपत्र के लेखन एवं प्रस्तुतीकरण का माध्यम संस्कृत, हिंदी अथवा अंग्रेज़ी हो सकता है।

- **संगोष्ठ्यां प्रस्तुत-शोधपत्रेभ्यः चयनितशोधपत्राणि पुस्तके आई.एस.बी.एन. सहितं प्रकाशितव्यानि।**

  संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध-पत्रों में से चयनित शोध-पत्र **ISBN** पुस्तक में प्रकाशित किए जाएंगे।

- **संगोष्ठ्याम् समुपस्थित-विदुषां कृते आवास-व्यवस्था आयोजकैः सुनिश्चिता भविष्यति। सर्वेभ्यः विद्वद्भ्यः विनम्रं निवेदनं यत् स्वस्य आगमन-प्रस्थान-तिथयः विंशति-जनवरी-द्विसहस्र-षट्विंशति-पर्यन्तम् अस्मान् सूचयन्तु। तदनुसारं सर्वाः व्यवस्थाः सम्यग्रूपेण सम्पादिताः भविष्यन्ति येन कस्मैश्चित् किञ्चित् काठिन्यं न भविष्यति।**

  संगोष्ठी में आने वाले विद्वानों के लिए आयोजकों द्वारा आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सभी विद्वानों से विनम्र अनुरोध है कि अपनी आगमन और प्रस्थान की तिथियाँ 20 जनवरी 2026 तक हमें सूचित करें। तदनुसार सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से की जाएँगी, जिससे किसी को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

**पंजीकरण-सूत्रम् (Registration link)**

**https://forms.gle/6JH2SWHYm8iZsYqQ8**

## मुख्य-संरक्षका:

**श्री रामलाल: गुप्ता**
**प्रधान:**

**श्री रवीन्द्र: गुप्ता**
**महासचिव:**

**श्री कुलदीप: गुप्ता**
**उप -प्रधान:**

**श्री विष्णु : भगवान् गुप्ता**
**कोषाध्यक्ष:**

### संगोष्ठी - संयोजिका

**कैप्टन डॉ० ज्योति: शर्मा**
**संस्कृतविभागाध्यक्षा**
**9896434766**

### संरक्षिका

**प्रो० डॉ० आरती त्रेहन**
**प्राचार्या**

## आयोजन - समिति:

सुश्री योगिता साहनी, श्रीमती अनुराधा, डॉ० रागिनी मिश्रा, श्रीमती हिमानी अग्रवाल:, डॉ० रोजी, सुश्री रजनी धवन:, श्रीमती सुरभि:, श्रीमती अंकिता हंस:, डॉ० स्वरित: शर्मा, श्री महेश: धीमान:, श्रीमती अकविन्दर:, श्रीमती ममता, सुश्री अमिता, श्रीमती पूजा, सुश्री दीक्षा, सुश्री इशिका, सुश्री निधि:, सुश्री कीर्ति:

**अतिरिक्तसूचनार्थं निर्दिष्टदूरभाषमाध्यमेन आयोजकसमिते: सदस्येन सह सम्पर्क: विधेय:।**

अधिक जानकारी के लिए आयोजक समिति द्वारा निर्दिष्ट दूरभाष संख्या पर संपर्क किया जा सकता है।

- श्रीमती अनुराधा **9416896832**
- डॉ० रोजी **9467089369**
- सुश्री रजनी धवन: **7206483877**
- श्रीमती अंकिता हंस: **8684038076**
- श्रीमती सुरभि: **8569933444**
- डॉ० स्वरित: शर्मा **8950244514**
- श्री महेश: धीमान: **8950217191**
- सुश्री अमिता **8295026794**

**E-mail Id**
**sanskritakmv2526@gmail.com**

**Follow this link for AKMV Location**
**https://maps.app.goo.gl/6DzPLLqZzdYudtdPA?g_st=awb**